
शनिवार
05 अगस्त 2023



पृष्ठ 4
**बिना हिले-डुले लंबे समय तक बैठकर करते हैं काम, तो हो जाएं सावधान**



पृष्ठ 5
**गदर 2 का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात: सिमरत कौर**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 180
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

सच्चाई से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है।
पं. मोतीलाल नेहरू

# दूनवैलीमेल


सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## गौरीकुंड हादसे में लापता लोगों की संख्या 20 हुई
# सीएम धामी भी नहीं पहुंच सके गौरीकुंड

विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड भूस्खलन में लापता लोगों की संख्या अब 20 हो चुकी है खराब मौसम के बीच उन्हें ढूंढने में लगी बचाव व राहत टीमों की जद्दोजहद जारी है, यह अलग बात है कि कल बरामद किए गए 3 शवों के बाद अभी तक वह अन्य किसी लापता को तलाशने में सफल नहीं हो सकी है। लेकिन शासन-प्रशासन में बैठा कोई भी अधिकारी और नेता अभी तक गौरीकुंड पहुंचने का साहस नहीं दिखा सका है।

आज सुबह खबर आई थी कि सीएम पुष्कर सिंह धामी और प्रभारी मंत्री सौरव बहुगुणा गौरीकुंड जाकर स्थलीय हालात की जानकारी लेंगे लेकिन दोपहर तक खबर आई कि खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद्द हो गया है और वह अब यही से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उधर प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा जिले के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह बैरिकेडिंग से बाहर बनी दुकानों को तुरंत हटवाए। उनके इस निर्देश के बाद घटनास्थल के आसपास बनी दुकानों को भी अब खाली करा



**❑आज एक भी लापता को नहीं तलाश सकी बचाव व राहत टीमें**

लिया गया है। जिससे आगे होने वाले किसी भी नुकसान से बचा जा सके।

लापता 17 लोगों की तलाश जारी जरूर है लेकिन अब इनमें से किसी के भी जीवित बचने की संभावना कम ही शेष बची है। बचाव व राहत कार्य में लगी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ तथा आईटीबीपी की टीमें खराब मौसम के बीच ही लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं। संभावना यह जताई जा रही है कि मलबे के साथ यह लोग भी मंदाकिनी नदी में बह गए हैं क्योंकि अब तक मलबे से किसी को भी बरामद नहीं

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## बारिश मूसलाधर, पहाड़ का हाल-बेहाल

देहरादून। आगामी 48 घंटे राज्य में भारी वर्षा के येलो अलर्ट के बीच बीती रात से कई जिलों में हो रही बारिश के कारण भारी तबाही की खबरें है। उत्तरकाशी से प्राप्त समाचार के अनुसार अराकोट चीमा मार्ग पर हुए भारी भूस्खलन के कारण 16 गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूट गया है तथा बीते 16 घंटों से मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। उधर चकराता से प्राप्त समाचार के अनुसार यहां भी मूसलाधार बारिश से तबाही की खबरें हैं। नदी और नाले-खाले उफान पर हैं वही भूस्खलन से राज्य की ढाई सौ से अधिक सड़कें बाधित हैं। मौसम विभाग द्वारा 6 अगस्त से राज्य में भारी बारिश की संभावना जताते हुए दून और हरिद्वार सहित 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शासन प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अनावश्यक यात्रा न करें वही आपदा प्रबंधन टीमों को भी सतर्क रहने को कहा गया है।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को लेकर कांग्रेसियों ने किया मौन प्रदर्शन



विशेष संवाददाता

देहरादून। अंकिता भंडारी मर्डर केस को लेकर आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में आज सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन धरना प्रदर्शन किया।

स्थानीय गांधी पार्क में आयोजित मौन धरना प्रदर्शन के द्वारा कांग्रेस ने सरकार पर आरोपियों को बचाने और संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े तमाम सवाल उठाए गए हैं। हाथों में सवाल लिखे नारों की

**❑सरकार पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप**

तख्तियां लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने सरकार से पूछा है कि आखिर अंकिता भंडारी को न्याय कब मिलेगा? उन्होंने सरकार से उस वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग की है जिसको स्पेशल सर्विस देने के लिए अंकिता भंडारी पर दबाव बनाने की बात सामने आई थी। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा इस हत्याकांड के साक्ष्य मिटाने के

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# इमरान खान को तीन साल की जेल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में दोषी करार दिया गया है। उन्हें तीन साल जेल की सजा मिली है। इसके साथ ही इमरान के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई है। इमरान पर एक



लाख रुपए (पाकिस्तानी) का जुर्माना भी लगा है। इस्लामाबाद ट्रायल कोर्ट ने पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान को तोशाखाना मामले में भ्रष्ट आचरण का दोषी घोषित किया है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने इमरान खान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि तोशाखाना वह खजाना है जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारियों को विदेश यात्रा के दौरान मिले गिफ्ट जमा करने होते हैं। इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे तब उन्हें विदेश से बहुत से महंगे तोहफे मिले थे। अरब देशों से उन्हें बेशकीमती घड़ियां, गहने समेत कई बेहद महंगे गिफ्ट मिले थे। पाकिस्तान के कानून के अनुसार प्रधानमंत्री अगर विदेश में मिले गिफ्ट को अपने घर ले जाना चाहते हैं तो उन्हें उसकी कीमत का एक हिस्सा सरकारी खजाने में जमा कराना होगा। इमरान खान ने विदेश से मिले गिफ्ट के बारे में गलत जानकारी दी। गई गिफ्ट के बारे में सरकार को नहीं बताया। जिन गिफ्ट्स के बारे में सरकार को बताया उन्हें भी गलत तरीके से अपने घर ले गए।

# सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में तीन जवान शहीद

जम्मू। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सेना के तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। कुलगाम के जिस जंगल में 4 से 5 आतंकियों के साथ पिछले 16 घंटों से भीषण मुठभेड़ चल रही है उसमे से एक आतंकी को मार डालने का दावा किया जा रहा है।

यह मुठभेड़ कल देर शाम उस समय शुरू हुई जब कुलगाम के मंजगाम के हालन क्षेत्र में छुपे इन आतंकियों ने घात लगा कर सेना पर गोलीबारी की जिसमें तीन जवान शहीद हो गए। फिलहाल सेना ने शहीद होने वाले जवानों के नाम जाहिर नहीं किए हैं। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि तलाशी अभियान के वक्त जंगल में छुपे आतंकवादियों ने



गोलीबारी शुरू कर दी और साथ में ग्रेनेड से भी हमला किया। इसमें तीनों जवान जख्मी हो गए थे। हालांकि बाद में मोर्चा संभालते हुए सेना ने उनमें से एक आतंकी को मार गिराने का दावा किया है।

अतिरिक्त जवानों के मौके पर पहुंचने तक आतंकी जंगल के और भीतरी दुर्गम क्षेत्र में चले गए थे। जिस इलाके में यह मुठभेड हो रही है, वह अत्यंत दुर्गम है और आतंकियों ने पहाड़ी पर एक ऊंची जगह पेड़ों के बीच पोजीशन ले रखी है। वहीं बारिश और धुंध होने की वजह से यह मुठभेड़ लंबी खिंच रही है। सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि जिन आतंकियों से अभी भी मुठभेड़ चल रही है उनमें अधिकतर विदेशी आतंकी हैं और उन्हें अनुच्छेद 370 की बरसी पर हमले करने का टास्क दिया गया था। याद रहे आज यानी 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवी बरसी है और पिछले कई दिनों से यह सूचनाएं मिल रही थीं कि आतंकी पाकिस्तान के दबाव के चलते कुछ बड़ा करने की कोशिशों में हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सत्यमेव जयते

राहुल गांधी के मानहानि मामले में देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा जो फैसला दिया गया उसके अनेक ऐसे नि:तार्थ है जो यह सिद्ध करते हैं कि भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका का आज देश और दुनिया में क्यों डंका बज रहा है और क्यों इतना अधिक सम्मान है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में राहुल गांध ी की सजा पर रोक लगाकर सिर्फ राहुल गांधी के लिए वह राजनीतिक संभावनाओं के दरवाजे नहीं खोल दिए हैं जिन्हें सत्ता में बैठी भाजपा और उसके नेताओं द्वारा राजनीतिक विद्वेश और बदले की भावना से हमेशा के लिए बंद करने के हर संभव प्रयास किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कल निचली अदालतों को भी इस फैसले से उन्हें अति गंभीर संदेश दिया जो सिर्फ किसी भी मामले की गंभीरता को समझे बिना ही सरसरी तौर पर सामने आई बातों के आधार पर फैसला करती है मोदी सरनेम को लेकर मानहानि का केस दर्ज कराने वाले व्यक्ति का असली सरनेम मोदी न होना तथा जिला अदालत से लेकर गुजरात हाईकोर्ट तक से राहुल गांधी को ऐसे एक मामले में जो गैर जमानती भी नहीं था सर्वाधिक 2 साल की सजा सुनाया जाना और संसद में उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त कराने और उनसे सरकारी बंगला खाली कराने में जिस तरह की आक्रामकता और तत्परता दिखाई गई वह संसदीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपरा का पालन करने की कम अपितु बदले की भावना से की गई कार्यवाही ही अधिक थी। इस पर भले ही भाजपा और केंद्र सरकार के भीतर कुछ भी विमर्श चलता रहा हो लेकिन आम जनता में इसका संदेश अच्छा नहीं गया था और अब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाकर तथा इस सजा को लेकर उठाए गए सवालों से यह साबित हो ही गयी है कि यह सिर्फ एक षड्यंत्र था जिसे कांग्रेस और राहुल गांधी को राजनीति के अखाड़े से बाहर धकेलने के लिए रचा गया था। यह सिर्फ राहुल गांधी और उनका परिवार ही था जो माफी मांगने के बजाय दृढ़ता के साथ न्याय की लड़ाई लड़ने पर अड़ा रहा और अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। आज की मौकापरस्त और अवसरवादी राजनीति के दौर में ऐसा करने का साहस शायद कोई दूसरा नेता नहीं दिखा सकता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाते हुए कहा है कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने में सरकार ने 72 घंटे भी नहीं लगाए थे अब देखना है कि सरकार उनकी सदस्यता बहाल करने में कितना समय लगाती है। राहुल गांधी के इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए निचली अदालतों से भी यह पूछा है कि उन्हें इस मामले में अधिकतम सजा (2 साल) ही क्यों दी गई, यह सजा एक साल 11 महीने भी तो हो सकती थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाने वाली अनुचित बयान बाजी के बारे में उन्हें हिदायत दी गई है कि उनसे संयमित भाषा शैली की अपेक्षा की जानी चाहिए। लेकिन इन नेताओं को भला कौन समझा सकता है जो बोली से न मानने वालों को गोली से मनवाने और हम पहले किसी को छेड़ते नहीं और अगर कोई हमें छेड़े तो फिर हम उसे छोड़ते भी नहीं, को ही राजनीति करना माने बैठे हैं। इस पूरे प्रकरण में भाजपा और कांग्रेस को क्या राजनीतिक नफा नुकसान हुआ इसका हिसाब किताब आने वाले समय में देश की जनता ही करेगी लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस को भाजपा ने एक ऐसा मुद्दा जरूर थमा दिया जो भाजपा को बड़ा नुकसान देय साबित होगा। अभी फिलहाल भाजपा के उन नेताओं और चापलूसों की बोलती बंद है जो राहुल गांधी की सजा पर जश्न मना रहे थे और उन्हें माफी मांगने की मुफ्त में सलाह दे रहे थे। इस फैसले के बाद राहुल गांधी की जो सधी हुई प्रतिक्रिया सामने आई है उससे साफ हो गया है कि उनकी जो नीति और नियत पहले थी वह आज भी उस पर अडिग है और हमेशा अडिग रहेंगे। इस फैसले पर तमाम विपक्षी दलों की जो प्रतिक्रियाएं आ रही है वह यह बताने के लिए काफी है कि इस फैसले से कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया को कितनी मजबूती मिलने वाली है। अंत में देश की उस न्यायपालिका को साधुवाद जहां लिखा होता है कि सत्यमेव जयते।

## भू कानून को लेकर 9 अगस्त की रैली को दिया समर्थन

देहरादून (सं)। नेताजी संघर्ष समिति ने 9 अगस्त को भू कानून लागू करने की मांग को लेकर आंदोलनकारी मंच की रैली को अपना समर्थन दिया। आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को तत्काल प्रभाव से सशक्त भू कानून और मूल निवास 1950 को सख्ती से लागू करना चाहिए। डंडरियाल और वारसी ने कहा कि 9 अगस्त को जो रैली भू कानून के लिए आंदोलनकारी मंच निकालने जा रहा है समिति उसका खुले दिल से स्वागत करती है तथा रैली में समिति की भागीदारी भी रहेगी। डंडरियाल और वारसी ने उम्मीद जताई कि जन तंत्र की जागरूक जनता इस रैली में अवश्य अपनी भागीदारी करेंगी तथा भू कानून को लागू करवाएगी।

*मा नो अस्मिन्महाधने परा वर्ग्भारभृद्यथा।*
*संवर्गं सं रयिं जय॥*

(ऋग्वेद ८-७५-१२)

हे अग्नि ! जैसे कि एक बोझा ढोने वाला थक कर बोझ को दूर फेंक देता है उस प्रकार इस जीवन के महासंग्राम में हमारा परित्याग ना कर। बल्कि हमें वह सामर्थ्य प्रदान कर कि हम काम आदि शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकें।

# सरकार से किसानों के नुकसान की भरपाई करने की मांग

संवाददाता

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फांउडेशन ने वर्षा से किसानों को हो रहे नुकसान की भरपायी करने की सरकार से मांग की है।

आज यहां उत्तराखंड राज्य में लगातार अतिरिक्त वर्षा के कारण पर्वतीय मैदानी क्षेत्रों में किसानों की फसल नष्ट हो जाने से चिंतित भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय कंधारी धर्मशाला में एक अति आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को संयुक्त रूप से ईमेल द्वारा पत्र भेजकर तत्काल प्रभाव से पर्वतीय क्षेत्रों में राजमा, तोर, कूलद, झिंगोरा काला लोभिया, धान चावल इत्यादि



फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए उचित प्रबंधनों के साथ प्राथमिकता के आधार पर राहत बचाओ अभियान चलाई जाने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों के किसानों की फसलें नष्ट हो जाने के साथ मवेशी भी काफी हद तक प्रभावित हुए हैं।

बैठक में सम्मलित होने वालों में सुंदरलाल राजपूत, कुंवर सिंह मंडवाल, अवधेश कोठियाल, राधेश्याम रतूड़ी, तारकेश्वर प्रसाद, राजेश खुराना, गौरव चौधरी, मनीष राठी, गुलशन नारंग, आशीष कुमार, मनमोहन गुप्ता, चंदन बिष्ट आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पार्ट टाईम जॉब के नाम पर ठगे 38 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। पार्ट टाईम जॉब के नाम पर युवक से 38 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेहट सहारनपुर निवासी युवक ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह वर्तमान में करनपुर में काम करता है। देहरादून में कई जगह चौराहों पर पम्पलेट लगे हुए हैं जिसमें जॉब हेतु मोबाइल नम्बर लिखे हुए हैं जब उसने इस नम्बर से बात हुई तो उन्होंने उसको जॉब के लिये बताया कि उसको नौकरी दी जायेगी जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए उसको 2000 रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उन्होंने उसको एक बारकोड भेजा और उसने उसमें 2000 रूपये डाले उससे आधार कार्ड और फोटो मांगी उसके बाद उन्होने उसको एक कार्ड बनाया और उससे अलग अलग तरीके से अलग अलग बार मे 38000 रूपये ले लिये उसके बाद उसने जॉब करने के लिए पूछा तो उन्होंने उसको इधर-उधर देहरादून में घुमाया जब उसको शक हुआ कि यह कोई फ्राड है तो उसने उन्हे पैसे वापस करने के लिए कहा तो उन्होने नम्बर बन्द कर दिया।

# संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करे सरकारः लालचंद

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने प्रदेश सरकार से केदारनाथ पैदल मार्ग स्थित संवेदनशील स्थलों को चिह्नित करने और ऐसे स्थानों से दुकान आदि दूसरे स्थानों में शिफ्ट करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हर साल केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन सरकार सोई पड़ी है।

लालचंद शर्मा ने कहा कि केदारनाथ पैदल मार्ग पर बार-बार भूस्खलन हो रहा है। सरकार बड़े-बड़े दावे तो कर रही है, लेकिन धरातल पर ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। चार अगस्त की आधी रात के दौरान गौरीकुंड में डाक पुलिया के पास पहाड़ी से गिरे मलबे की चपेट में आने से दो दुकान और एक खोखा मंदिकिनी नदी में समा गया। इस हादसे में 17 लोग लापता बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को भूस्खलन की दृष्टि से ऐसे संवेदनशील स्थलों को चिह्नित करना चाहिए। यदि ऐसे स्थलों पर कोई दुकान या मकान हैं तो उन्हें अन्यत्र शिफ्ट किया जाना चाहिए।

कहा कि इसके अलावा केदारनाथ पैदल मार्ग भी सुरक्षित नहीं है। बीते छह वर्षों में पैदल मार्ग पर यात्रा के दौरान पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से 16 यात्रियों की मौत हो चुकी है। इस वर्ष 25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में अभी तक पत्थर लगने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी रास्ते पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हो पाए हैं। इन दिनों बारिश में कई जगहों पर निरंतर पत्थर गिरने का खतरा बना है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील स्थलों में चेतावनी बोर्ड लगाए जाने चाहिए। कहा कि भूस्खलन को रोकने के लिए ठोस उपाय या तकनीकी का उपयोग करना चाहिए। ताकि हम बाहर से आने वाले यात्रियों को ये संदेश दे सकें कि केदारनाथ यात्रा सुरक्षित है। यहां किसी तरह का खतरा नहीं है।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखकर सरकार अपनी पीठ तो थपथपा रही है, लेकिन सुरक्षा के उपाय को लेकर अभी ठोस प्रबंध नहीं किए गए हैं।

# आबादी में घुसा 13 फिट लम्बा अजगर

हमारे संवाददाता

नैनीताल। जिम कार्बेट पार्क के रामनगर क्षेत्रांर्तगत आबादी इलाके में एक अजगर के मिलने से हड़कंप मच गया। अजगर का पेट फूला देखकर उसके किसी जानवर केशिकार करने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर सर्प विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंच कर अजगर को पकड़ा फिर उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

मामला रामनगर के भवानीगंज मोहल्ले का है। बताया जा रहा है कि भवानीगंज मौहल्ले के आबादी क्षेत्र में कुष्ठ आश्रम के समीप एक 13 फिट अजगर दिखायी दिया, जिसका पेट फूला हुआ था। मौके पर बंदर चिल्ला रहे थे इससे आंशका जताई जा रही है कि अजगर ने बंदर को



अपना शिकार बना लिया है। बंदरों के शोर मचाने पर आस पास एकत्र हुए लोगों ने सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप को सूचना दी। जिसके बाद वह अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ा गया। उन्होने बताया कि शायद अजगर ने बन्दर का शिकार किया है और वह भोजन की तलाश में ही आबादी क्षेत्र में पहुंचा था।

# लघु व्यापारियों की पंतदीप इकाई का गठन, राजकुमार बने अध्यक्ष



हरिद्वार (सं)। लघु व्यापार एसोसिएशन की पंतदीप इकाई का गठन करते हुए राजकुमार एंथनी अध्यक्ष व प्रिंस साहू महामंत्री बनाये गये।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के एकमात्र संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए पंतदीप पार्किंग के लघु व्यापारियों को संगठित कर पंतदीप इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष राजकुमार एंथनी, महामंत्री प्रिंस साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, संगठन मंत्री किशनपाल, उपाध्यक्ष अर्जुन चौटाला, मंत्री सुमित गुप्ता, सदस्य राजकुमार, वीर गिरी, चमन सिंह, सूरजभान, महेश, संरक्षक वरिष्ठ लघु व्यापारी नेता हंसराज अरोड़ा को रेडी पटरी के स्थानीय कारोबारी लघु व्यापारियों ने आम सभा के माध्यम से सर्वसम्मति से चुना। चुने गए पदाधिकारियों को लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा सार्वजनिक तौर पर अंग वस्त्र देकर माला पहना कर सम्मानित भी किया।

# दहेज हत्या में पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। दहेज हत्या में पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश राजभर पुत्र झुनखुन राजभर निवासी ढोलवान पोस्ट हलधरपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री मधु का विवाह 21 मई 2023 को हिन्दू रीती रिवाज के साथ संदीप पुत्र हरे राम निवासी केशवपुरी बस्ती राजीव नगर दुर्गा मंदिर डोईवाला के साथ हुआ था जिसके उपरांत उसकी पुत्री अपने पति व ससुराल वालों के साथ जिनमे संदीप की पिता (हरे राम), संदीप का भाई(संतोष), संदीप की बहन (कुसुम ), कुसुम का पति (जयप्रकाश) के साथ डोईवाला में संदीप के मूल निवासस्थान में निवास कर रहे थे। उसको आय दिन उसकी पुत्री का फोन आता था जिसमे रोज संदीप और संदीप के परिवार वालों के दुर्व्यवहार, मारपीट करने की बात किया करती थी।

दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी के साथ मारपीट की जाती थी। उसने इस बारे में संदीप से भी बात करी लेकिन उसने उसको धमका दिया कि दहेज लेकर आये नहीं तो उसकी बेटी को मार देंगे। 31 जुलाई को उसको सूचना मिली कि उसकी बेटी ने कमरें में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिस समय उसकी बेटी ने फंदा लगाया उस समय कमरे में संदीप भी मौजूद था। जिससे यह प्रतीत होता है कि दहेज के लिए उसकी बेटी की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तीन बार तलाक बोलने पर पति सहित चार पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। न्यायालय में केस विचारण के दौरान पति द्वारा तीन बार तलाक बोलने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय गली विकासनगर निवासी तरन्नुम ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह 22 नवम्बर 2020 को मुस्लिम धर्म के रिति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। उक्त विवाह के कुछ दिन बाद से ही उसके ससुराल वालो द्वारा उसके साथ मार पीटाई की जाने लगी तथा दहेज के लिए उत्पीडित किया जाने लगा जिसके उपरान्त उसके पति परवेज आलम खा, ससुर जमशेद आलम खाँ, सास नसीमा प्रवीन एवं ननंद शीबा प्रवीन के विरुद्ध दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज है जो कि एसीजेएम विकासनगर के न्यायालय मे वर्तमान मे गतिमान है तथा वर्तमान मे उक्त वाद मे उक्त सभी जमानत पर बाहर है।

वह 19 नवम्बर 2022 को दोपहर एक बजे के करीब अपने माता-पिता भाभी व बच्चो के साथ एक शादी समारोह मे ढकरानी गयी वहाँ पर उसके ससुराल वाले भी आये हुए थे उन लोगो ने वहां पर उसके तथा उसके घरवालो के साथ बहुत बदतमीजी की गन्दी-गन्दी माँ बहन की गलियाँ दी। उसके पति परवेज आलम खां ने उससे कहा के में तुझे तलाक,तलाक,तलाक देता हूं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# काशीपुर क्षेत्र से 469 व्यक्ति हुये गुमशुदा

हमारे संवाददाता

काशीपुर। काशीपुर क्षेत्र से वर्ष 2021 से मई 2023 तक 469 व्यक्ति गुमशुदा हुये हैं जबकि इस अवधि में 296 व्यक्ति बरामद भी हुये है। गुमशुदा व्यक्तियों में 108 महिलायें तथा 125 बालक-बालिकाएं भी शामिल है।

यह खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। उपलब्ध सूचना के अनुसार काशीपुर क्षेत्र के तीन थानों काशीपुर, कूण्डा तथा आई.टी.आई. से वर्ष 2021, वर्ष 2022 तथा मई 2023 की अवधि में कुल गुमशुदा व्यक्तियों की संख्या 469 है जिसमें 236 पुरूष, 108 महिलाएं तथा 125 बालक बालिकाएं शामिल हैं।




इस अवधि में कुल 296 व्यक्तियों को बरामद भी किया गया है जिसमें 75 पुरूष, 93 महिलाएं तथा 125 बालक-बालिकाएं शामिल हैं।

थानावार सूचना के अनुसार काशीपुर थाना क्षेत्र से इस अवधि में कुल 166 व्यक्ति (पुरूष) गुमशुदा हुये है जबकि 40 ही बरामद हुये हैं जबकि 73 महिलाएं गुमशुदा हुयी है तथा 63 महिलाएं बरामद हुई हैं। इस अवधि में थाना क्षेत्र से 35 बालक-बालिकाएं भी गुमशुदा हुये हैं जबकि गुमशुदा से 8 अधिक 43 बालक-बालिकाएं बरामद हुये हैं। इससे स्पष्ट है कि पिछले वर्षों में गायब हुई बालक-बालिकाएं भी इस अवधि में बरामद हुये हैं। कूण्डा थाना क्षेत्र से इस अवधि में कुल 56 व्यक्ति गुमशुदा हुये है जबकि 24 ही बरामद हुये हैं जबकि 7 महिलाएं गुमशुदा हुई तथा 7 महिलाएं ही बरामद हुई हैं। इस अवधि में थाना क्षेत्र से 28 बालक-बालिकाएं गुमशुदा हुये हैं जबकि 28 बालक-बालिकाएं ही बरामद हुये हैं।

आई.टी.आई. थाना क्षेत्र से इस अवधि में कुल 14 व्यक्ति गुमशुदा हुये हैं जबकि 11 व्यक्ति (पुरूष) ही बरामद हुये हैं जबकि 28 महिलायें गुमशुदा हुई है तथा 23 महिलायें बरामद हुई है। इस अवधि में थाना क्षेत्र से 62 बालक-बालिकाएं गुमशुदा हुये हैं जबकि 57 बालक-बालिकाएं ही बरामद हुये हैं।

# नशीले इंजेक्शनों सहित एक दबोचा



हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 20 नशीले इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामला नैनीताल के बनभुलपुरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बीती शाम थाना बनभूलपुरा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को कब्रिस्तान गेट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोच गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद किये। पूछताछ में उसने अपना नाम मौ. शाहरूख सिद्दीकी पुत्र मौ. शाहिद सिद्दीकी निवासी काबुल का गेट वसीम मोबाईल के घर के पास वार्ड नं. 31 बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# क्रेडिट कार्ड ब्लाक कराने के नाम पर ठगे 88 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। क्रेडिट कार्ड ब्लाक कराने के नाम पर 88813 रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माजरा निवासी प्रिया राणा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 10 जुलाई 2023 को अज्ञात मोबाईल नंम्बर से उसके मोबाईल पर फोन आया कि वह सचिन कुमार एसबीआई बैंक से जूनियर एसोसिएट बोल रहा हैं। आप अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर रहे है, आपके अकाउंट से शुल्क के रुप मे पैसे काट दिये जायेगे।



आप अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक या बन्द करवा दे। वह डर गयी और कहा ठीक है वह बन्द करवा देगी तो उसको सचिन कुमार द्वारा क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराने के लिये कुछ इन्सट्रक्शन दिये गये जिस पर उसने विश्वास करते हुए उनके द्वारा दिये गये मैसेज मे भेजे गये लिंक को ओपन करवाकर उनके द्वारा दिये गये इन्सट्रक्शन को फोलो किया गया। 21 जुलाई 2023 को फिर उसके मोबाईल पर सचिन कुमार द्वारा अपने मोबाइल से किया गया और बोला कि कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी है।

आप अपना फोन पे को खोलो व उसमे उनके द्वारा दिये गये नम्बरो को डालो उसके द्वारा सचिन पर विश्वास कर दिये गये नम्बर डाल दिये गये और दिये गये दिशा निर्देशो के अनुसार काम किया। उसी दिन शाम को उसके द्वारा अपने ऑनलाईन एकांउट को चेक किया गया तो पता चला की उसके एसबीआई खाता शाखा क्लेमेन्टाउन से अलग-अलग तिथियों में लगभग 88813 रूपये निकाल लिये गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 17 को केंद्रीय मंत्री करेंगे मशरुम परियोजना का शुभारंभः दिव्या रावत

संवाददाता

देहरादून। मशरूम घरेलु उत्पाद परियोजना का शुभारम्भ केन्द्रीय सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे 17 अगस्त को करेंगे।

आज यहां मशरुम ब्रैंड एंबेसडर दिव्या रावत ने बताया कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु उनकी महत्वाकांक्षी परियोजना का कोटद्वार में उत्तराखण्ड मशरुम घरेलू उत्पाद परियोजना का शुभारंभ केंद्रीय सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे 17 अगस्त को शुभारंभ करेंगे और हमारा मार्गदर्शन कर उत्साहवर्धन करेंगे। कोटद्वार के ध्रुवपुर में मशरूम उत्पादन यूनिट में मशरूम ब्रैंड एंबेसडर दिव्या रावत द्वारा गेनोडर्मा मेडिसिन मशरूम की खेती महिलाओ



द्वारा की गई। इस अवसर पर दिव्या रावत ने बताया कि गेनोडर्मा मशरूम दवाई के रूप में स्किन प्रोडक्ट्स टूथ पेस्ट के रूप में काम आती है जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है जो कि पांच हजार रूपए किलो बिकती है। कोटद्वार की महिलाओ को इसके उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जो कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि उन्होंने थाइलैंड और मलेशिया में इसका प्रशिक्षण लिया है। गेनोडर्मा मशरूम पांच हजार रूपए किलो बिकता है जिसके उत्पादन से महिलाए सशक्त होंगी और स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# सरकार की तरह नड्डा का संगठन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने कार्यकाल का विस्तार होने के छह महीने बाद अपने संगठन का ऐलान किया। उन्होंने संगठन में ज्यादा बदलाव नहीं किए। ज्यादातर पदाधिकारियों को उन्होंने बनाए रखा है। थोड़े से नए चेहरे संगठन में शामिल किए गए हैं। उनके 38 लोगों के संगठन को देख कर लग रहा है कि जिस तरह नरेंद्र मोदी की सरकार में पिछड़े, दलित और आदिवासी को महत्व दिया गया है वैसे ही नड्डा के संगठन में भी है। यह एक तरह से भाजपा की राजनीति में हो रहे स्थायी बदलाव का संकेत है।

ध्यान रहे कुछ समय पहले तक कहा जा रहा था कि भाजपा ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी है। लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। बनियों को भाजपा में अब भी प्रमुखता मिल रही है लेकिन ब्राह्मण और दूसरी अगड़ी जातियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2021 में जब अपनी सरकार में फेरबदल की थी तब उन्होंने संसद में अपनी नई टीम का परिचय कराते हुए बड़े गर्व से कहा कि उनकी सरकार में पिछड़ी जाति के कितने लोग मंत्री बनाए गए हैं। भाजपा ने इतिहास बनाने का दावा किया। खुद प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि वे पिछड़ी जाति से आते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद ब्राह्मण हैं लेकिन उनकी 38 लोगों की टीम में मुश्किल से पांच ब्राह्मण चेहरे हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि नड्डा ने अपनी टीम में नौ महामंत्री बनाए हैं, जिनमें से कोई ब्राह्मण नहीं है। नौ महामंत्रियों में तीन वैश्य समुदाय के हैं। कैलाश विजयवर्गीय और सुनील बंसल पहले से नड्डा की टीम में काम कर रहे थे तीसरे वैश्य नेता के तौर पर राधामोहन अग्रवाल को शामिल किया गया है, जो तीन बार गोरखपुर से विधायक रहे थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के लिए अपनी सीट छोड़ी थी। बदले में उनको राज्यसभा भेजा गया है और अब राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वैश्य समाज के ही राजेश अग्रवाल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाए रखा गया है और सह कोषाध्यक्ष भी उसी समाज के नरेश बंसल को बनाया गया है। दो-तीन ब्राह्मण नेताओं को उपाध्यक्ष बनाया गया है लेकिन सबको पता है कि उपाध्यक्षों के पास ज्यादा काम नहीं होते हैं। संगठन में ज्यादा जिम्मेदारी का काम महामंत्री ही निभाते हैं। बहरहाल, सरकार और संगठन में अन्य पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व बढ़ा कर भाजपा ने नई सोशल इंजीनियरिंग का संकेत दिया है। असल में विपक्षी पार्टियों का गठबंधन 'इंडिया' जातीय जनगणना, सामाजिक न्याय और आरक्षण के मसले पर राजनीति कर रहा है। कई राज्यों में यह राजनीति भाजपा के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है। इसलिए भाजपा मंडल की राजनीति को अपना रही है।( आरएनएस)

# सिटी स्मार्ट में अवरोध

अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि स्मार्ट सिटी की महत्त्वाकांक्षी परियोजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी विभिन्न कारणों से भारी दबाव में हैं। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन की शुरुआत जून 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस मिशन के तहत देश भर के सौ शहरों को चुना गया और बताया गया था कि वहां आधुनिक आधारभूत ढांचा विकसित करके उन्हें एक साफ-सुथरे पर्यावरण वाला नगर बनाया जाएगा। सरकार ने इसके लिए शुरुआती तौर पर 22 अरब डॉलर से ज्यादा की रकम आवंटित की थी। लेकिन अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि ये महत्त्वाकांक्षी योजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी बाहर से आने वाले श्रमिकों की बढ़ती संख्या के कारण भारी दबाव में हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो उनमें दावा किया गया है कि तय परियोजनाओं में से करीब 73 फीसदी पूरी हो चुकी हैं। लेकिन एक गैर-सरकारी संस्था सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजनाएं देर से चल रही हैं। इनके बीच कुछ शहरों का रिकॉर्ड तो अच्छा है, लेकिन अन्य शहरों का प्रदर्शन खराब रहा है। यह विषमता की झलक इन परियोजनाओं के लिए दिए गए धन के उपयोग में भी देखी जा सकती है। यहां ये बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि आरंभ में स्मार्ट सिटी मिशन को 2020 तक पूरा कर लेने की उम्मीद जताई गई थी। ये बात सही है कि 2020 से कोरोना महामारी का कहर टूट पड़ा। इसे देखते हुए परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य 2023 तक बढ़ा दिया गया। अब कई शहरों में इस समयसीमा को एक बार फिर से बढ़ाकर इसे जून 2024 तक खिसका दिया है। इस बीच मुंबई सहित कई शहरों ने राजनीतिक असहमति के कारण परियोजना से बाहर निकलने का फैसला भी कर लिया। बेशक परियोजना का मकसद अच्छा था। भारतीय शहर एक तरह की अराजकता के शिकार हैं, जिन्हें नियोजित करने की बेहद जरूरत है। शहरों के बुनियादी ढांचे को जलवायु के अनुकूल और टिकाऊ बनाना, किफायती आवास मुहैया कराना, पर्याप्त बिजली-पानी और प्रभावी कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएं प्रदान करना- ऐसे लक्ष्य हैं, जिन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। मगर असल सवाल अमल का है, जिसमें बात कहीं पिछड़ गई है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# बिना हिले-डुले लंबे समय तक बैठकर करते हैं काम, तो हो जाएं सावधान, बढ़ सकता है दिल का खतरा



अगर आप बिना हिले-डुले लगातार एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, कई-कई घंटे टीवी देखते हैं, बैठकर गपशप लड़ा रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि खुद को बीमार तो बना रही रहे हैं, हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ा रहे हैं. दरअसल, जिस तरह हमारा खानपान, काम करने का तरीका, मोबाइल-गैजेट्स यूज करना सबकुछ बदल रहा है, ऐसे में एक्टिव लाइफस्टाइल की सबसे ज्यादा जरूरत है. जब हम बिना किसी मूवमेंट के एक ही पोजिशन में बैठे रहते हैं, तो ब्लड सर्कुलेशन और ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है. इससे सेहत को नुकसान पहुंच सकता है. ज्यादा देर बैठने से एथेरोस्क्लेरोसिस भी हो सकता है, जिससे धमनियों में प्लाक बनने लगता है. यह दिल के दौरे का जोखिम और भी ज्यादा बढ़ा देता है.

दरअसल, जब हम एक्टिव लाइफस्टाइल नहीं अपनाते हैं. एक्सरसाइज, वॉकिंग जैसी चीजें हमारी दिनचर्या का हिस्सा नहीं होती हैं. डेस्क जॉब के दौरान कुछ समय में मूवमेंट नहीं करते हैं या कुछ कदम नहीं चलते हैं तो बता दें कि इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी बैड कोलेस्ट्रॉस का लेवल बढ़ सकता है.

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, हमारी डेली रूटीन धीरे-धीरे बदल रही है. आज ज्यादातर लोग एख ही जगह बैठकर अपना ज्यादा समय बिता रहे हैं. एक एक्टिव लाइफस्टाइल काफी आम हो गई है. कई लोग लगातार डेस्क पर बैठे हैं तो कुछ स्क्रीन के सामने समय बिता रहे हैं, यात्रा के दौरान भी लंबे समय तक लोग बैठे रहते हैं. ज्यादा देर तक बैठे रहना एकदम धूम्रपान के खतरों की तरह ही है. क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से दिल की सेहत पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है. इससे हार्ट डिजीज बढ़ जाता है. इसका साफ मतलब है कि ज्यादा देर तक बैठे रहने से दिल का खतरा बढ़ सकता है.

एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा

एथेरोस्क्लेरोसिस, धमनियों में प्लाक का निर्माण, दिल की एक ऐसी बीमारी है, जो लगातार बैठे रहने से बढ़ सकती है. जब ब्लड सर्कुलेशन कम होता है तो बॉडी में फैट जमा हो जाता है. इससे इसे साफ करने का तंत्र कम काम करता है, जो एथेरोस्क्लेरोसिस को तेजी से बढ़ा सतका है. इससे धमनियां सिकुड़ सकती हैं.

लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड सर्कुलेशन बाधित होता है. निचले अंगों में यह समस्या ज्यादा होती है. इससे ब्लड क्लॉटिंग, डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) हो सकता है. इससे दिल के दौरे का खतरा बढ़ सकता है. ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखने के लिए लगातार बैठने से बचना चाहिए और नियमित तौर पर एक्सरसाइज करनी चाहिए.



लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. फिजिकल एक्टिविटी कम होने से ब्लड सर्कुलेशन में कमी आती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. यह हार्ट डिजीज का प्रमुख कारण हो सकता है.

अगर आप ज्यादा देर तक बैठे रहते हैं तो इससे आपका वजन बढ़ सकता है, मोटापे की समस्या हो सकती है. ज्यादा वजन दिल पर अतिरिक्त दबाव बनाता है, जिससे हार्ट डिजीज, उच्च कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है. बैठने के समय को कम करने के साथ ही आपको एक्सरसाजि, और वजन कम करने पर फोकस करना चाहिए. (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -001

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 8 | 9 | | | 10 | 11 | | | |
| | | | | | | | | |
| 12 | | 12ए | | 13 | | 14 | | 15 |
| | | 16 | | | | 17 | | |
| 18 | 19 | | | 20 | 21 | | | |
| | | | | | | | | |
| 22 | | | | 23 | | | | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

# शिवशक्ति में मुझे देखकर मेरी मां भावुक हो गईः निक्की शर्मा

एक्ट्रेस निक्की शर्मा की 'शिवशक्ति' के साथ टीवी पर वापसी उनके फैंस और उनकी मां संदीपा के लिए खुशी लेकर आई है।

निक्की को 'शिवशक्ति' में शक्ति का किरदार निभाते देख उनकी मां भावुक हो गईं। वाराणसी में पहले सीन की शूटिंग से लेकर मुंबई तक, उनकी मां ने उन्हें फुल सपोर्ट किया है। इस पर निक्की ने कहा कि उनका सबसे बड़ा फैन उनके साथ है। निक्की ने कहा, मैं वास्तव में ऐसी मां पाकर भाग्यशाली हूं, जो मेरी पूरी जर्नी में मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर रही हैं। जब से मेरा पहला सीन टीवी पर ऑन एयर हुआ, तब से वह वहां मौजूद है। मेरी मां मेरी सबसे बड़ी फैन हैं, वह शो के पहले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रही थीं और इसे देखने के बाद वह भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए।

उन्होंने कहा, वह न केवल मेरे साथ सेट पर रहती हैं, बल्कि हर दिन मेरे दिल को प्यार और प्रोत्साहन से भर देती हैं। और अब, मेरे सोशल मीडिया पर फैंस की अविश्वसनीय प्रतिक्रिया और उनके मैसेज अभिभूत करने वाला क्षण होता है। मैं उनके समर्थन के लिए आभारी हूं, और यह मुझे हर परफॉर्मेंस में अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करता है। शो शिव-शक्ति की शूटिंग वाराणसी में हो रही है। 'स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस' द्वारा निर्मित, शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में अर्जुन बिजलानी की करिश्माई जोड़ी शिव और निक्की शक्ति के रूप में है। 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

मेड इन हेवन सीजन 2 का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे थे और अब फाइनली डेट रिवील कर दी गई है. सीरीज के रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. अगले महीने ही इसे प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया जाएगा. मेडन इन हेवन 2 की पहली झलक शेयर करते हुए बताया गया है कि ये 10 अगस्त को रिलीज होगी. वहीं ये अनाउंसमेंट होते ही इस सीरीज के चाहनेवाले काफी खुश हैं. इस ओटीटी शो की निर्माता जोया अख्तर ने खुद इसका ऐलान किया है और खुशी भी जाहिर की है.

सीरीज के दूसरे सीजन को वहीं से आगे बढ़ाया जाएगा जहां से पहले सीजन का एंड हुआ था. घर छोड़कर निकली तारा अब अपनी जिंदगी को कैसे आगे ले जाएगी. क्या वो वापस आदिल के पास लौटेंगी. या फिर आदिल और फैजा हमेशा के लिए एक हो जाएंगे. इन सवालों का जवाब तो मिलेगा ही साथ ही बिग फैट इंडियन्स वेडिंग की कुछ दिलचस्प कहानियां भी फिर से लोगों को लुभाएगी. वहीं जिम सरभ, शोभिता धुलिपाला, कल्कि कोचलिन, अर्जुन माथुर, शशांत अरोड़ा के अलावा इस बार सीरीज में कुछ नए चेहरे भी दिखेंगे. मोना सिंह, इश्वाक सिंह और त्रिनेत्रा हलधर भी सीरीज का हिस्सा बन चुके हैं.

इसका पोस्ट शेयर किया गया है. जिसमें डिजाइनर आउटफिट पहने शोभिता टेबल पर बैठीं दिख रही हैं. अर्जुन माथुर उनके साथ खड़े हैं तो जिम सरभ, कल्कि, मोना भी इस पोस्टर में शामिल हैं. इसे शेयर करते हुए जोया अख्तर ने काफी खुशी जाहिर की. उनके मुताबिक मेड इन हेवन के लिए लोगों के दिलों में खास जगह है. चूंकि इसे कई क्रिएटिव लोगों की मेहनत से तैयार किया गया है लिहाजा वो इस पर गर्व महसूस करती हैं. बात इसके सीजन 2 की करें तो इसमें 7 एपिसोड होंगे. जिसे सिर्फ इंडिया में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रीमियर किया जाएगा.

# धनुष की फिल्म कैप्टन मिलर 15 दिसंबर को रिलीज होगी

धनुष का नाम उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी लोकप्रियता न सिर्फ दक्षिण भारतीय सिनेमा, बल्कि हिंदी पट्टी में भी जबरदस्त है। धनुष के 40वां जन्मदिन के खास मौके पर धनुष की आने वाली फिल्म कैप्टन मिलर से उनका नया लुक सामने आ चुका है। पोस्टर में धनुष जबरदस्त एक्शन में नजर आ रहे हैं।

कैप्टन मिलर का निर्देशन अरुण माथेश्वरन द्वारा किया जा रहा है, जबकि यह फिल्म सेंथिल त्यागराजन और अर्जुन त्यागराजन द्वारा निर्मित हैइसमें धनुष के साथ शिव राजकुमार, संदीप किशन और प्रियंका अरुल मोहन जैसे कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे।कैप्टन मिलर 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, धनुष इस फिल्म में एक सैनिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसमें वह 3 अलग-अलग लुक में दिखाई देंगे। गौरतलब है कि अभिनेता की यह एक पीरियड फिल्म है, जिसे 1930-40 के दशक के इर्द-गिर्द बुना गया है। तमिल के अलावा धनुष उत्तर भारत में भी काफी लोकप्रिय हैं। हिंदी पट्टी में भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है। यही वजह है कि हिंदी भाषी लोगों को भी कैप्टन मिलर का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में धनुष का किरदार पूरी तरह से काल्पनिक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में धनुष जबरदस्त एक्शन करते नजर आने वाले हैं। इस बारे में फिल्म के डायरेक्टर अरुण माथेश्वरण ने कहा था, जब मैंने फिल्म की कहानी लिखनी शुरू की तो मेरे दिमाग में कोई नहीं था, फिल्म आधी लिखने के बाद मुझे लगा कि धनुष इस भूमिका के लिए एकदम सही होंगे। मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से पसंद करता हूं। बता दें कि इस फिल्म में धनुष तीन अलग-अलग लुक में नजर आने वाले हैं। माथेश्वरण ने बताया कि फिल्म में मिलर के अलावा धनुष के दो और नाम होंगे।(आरएनएस)

# गदर 2 का हिस्सा बनना सौभाग्य की बातः सिमरत कौर

दक्षिण में बड़े पैमाने पर काम कर चुकी नवोदित अभिनेत्री सिमरत कौर गदर 2 से अपनी शुरुआत कर रही हैं, उनका कहना है कि वह उन सितारों के साथ खड़े होने के लिए भाग्यशाली महसूस करती हैं जिन्हें उन्होंने दूर से देखा है।

सिमरत कौर मुंबई में गदर-2 के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बातचीत कर रही थीं।

सिमरत कौर, जो गदर 2 में चरणजीत उर्फ जीतो की प्रेमिका मुकसान की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए सिमरत ने कहा, यह मेरी पहली फिल्म है, फिल्म भी है और स्टेज पर भी हूं। मैं यहां सबके साथ खड़ी हूं, मुझे लगता है कि मैं सबसे भाग्यशाली लड़की हूं, क्योंकि जिन लोगों को मैंने दूर से स्क्रीन पर देखा था, आज मैं उनके साथ इस मंच पर खड़ी हूं, सनी देओल और अमीषा पटेल, मैं बस हूं परमानंद. ऐसा करने के लिए ब्रह्मांड, धन्यवाद।



अनिल शर्मा के साथ अपनी पहली फिल्म करते हुए, मुझे नहीं लगता कि इस समय मुझसे ज्यादा भाग्यशाली कोई लड़की है। मैं गदर - 2 के साथ अपनी शुरुआत कर रही हूं, मैं बस ब्रह्मांड को धन्यवाद देती हूं, मैं अभी बहुत घबराई हुई हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं अब और बात कर सकती हूं सिमरत ने कहा।

अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और शक्तिमान तलवार द्वारा लिखित, गदर 2 2001 की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा की अगली कड़ी है। फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा हैं; सभी पहली फिल्म से अपनी भूमिकाएं दोहरा रहे हैं। यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को रिलीज़ होने वाली है।

# जवान के पहले गाने जिंदा बंदा.. का बजट 15 करोड़

शाहरुख खान जल्द ही इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक जवान में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर एक-एक करके जानकारियां उतारी जा रही हैं ताकि माहौल बना रहे। अब फिल्म के गाने से जुड़ी खबर बाहर आई है।फिल्म के टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह पहले ही बढ़ा दिया था और अब इसके गाने को लेकर जो रोचक जानकारियां सामने आई हैं, उसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर शाहरुख के प्रशंसक उतावले हो जाएंगे।

जवान का ट्रेलर आने से पहले निर्माता फिल्म का पहला गाना रिलीज करने वाले हैं। इसका नाम है जिंदा बंदा।इसे बहुत बड़े स्तर पर शाहरुख पर फिल्माया गया है। निर्माताओं को भरोसा है कि गाने की भव्यता देखकर लोग दंग रह जाएंगे। साथ ही उन्हें यह भी यकीन है कि इस गाने का ऑडियो भी पसंद किया जाएगा।गाने में शाहरुख देश के अलग-अलग शहरों से आईं डांस में प्रशिक्षित 1,000 से ज्यादा हसीनाओं के बीच ठुमके लगाते दिखेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के इस अकेले गाने का बजट 15 करोड़ रुपये है, जो एक फिल्म के बराबर है। गाना शूट करने में 5 दिन लगे हैं। इसकी शूटिंग चेन्नई में हुई है।कहा जा रहा है कि गाने में शाहरुख कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे और उन्हें ऐसा डांस करते पहले कभी नहीं देखा होगा। अनिरुद्ध ने इस गाने को कंपोज किया है।गाना इतना धमाकेदार होगा कि दर्शक झूमने पर मजबूर हो जाएंगे।

जवान का निर्देशन एटली ने किया है। फिल्म में काम कर रहे कलाकार भी दमदार हैं। इसमें शाहरुख के अलावा नयनतारा और विजय सेतुपति मुख्य भूमिकाओं में हैं, वहीं दीपिका पादुकोण, सान्या मल्होत्रा, संजय दत्त और साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय मेहमान भूमिका में हैंइस फिल्म का निर्माण शाहरुख की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की बैनर तले किया गया हैयह फिल्म 7 सितंबर, 2023 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

शाहरुख की फिल्म डंकी का इंतजार भी उनके प्रशंसक बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है। इसमें शाहरुख के साथ तापसी पन्नू नजर आने वाली हैंदूसरी तरफ वह सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर वर्सेज पठान का भी हिस्सा हैंसलमान की फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख मेहमान भूमिका में नजर आने वाले हैंइसके अलावा वह अपनी बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म में काम कर रहे हैं।

# मेलबर्न में दिखाई जाएगी राधिका मदान की सना

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 का फिल्म प्रशंसकों को इंतजार है। अगस्त के मध्य में यह मेलबर्न में आयोजित किया जाएगा।जबसे फेस्टिवल के लिए नामांकन की घोषणा की गई है, प्रशंसकों की इस पर नजर हैफेस्टिवल में राधिका मदान की फिल्म सना की स्क्रीनिंग की जाएगी। इससे पहले सना कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जा चुकी है। इनमें शंघाई इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल, सांटा बारबरा इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे नाम शामिल हैं।

सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राधिका मदान के साथ शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट भी नजर आएंगी।सुधांशु ने अपने बयान में कहा, सना को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में ले जाना बेहतरीन था। अब हम मेलबर्न में अपने दर्शकों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। आईएफएफएम का बेहतरीन सिनेमा को सामने लाने का इतिहास रहा है। हमें गर्व है कि इस बार इसी सूची में सना भी शामिल है।

सना एक महत्वाकांक्षी लड़की की कहानी है, जो पुराने सदमे की वजह से परेशान है। राधिका पिछली बार कच्चे लिंबू में नजर आई थीं। यह फिल्म जियो सिनेमा पर आई थी। कच्चे लिंबू भी दर्शकों के लिए एक प्रेरक फिल्म थी। राधिका दिनेश विजान की हैप्पी टीचर्स डे और राज और डीके की फिल्म गो गोवा गोन के सीक्वल में नजर आएंगी। वह पटाखा, अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत जैसी लोकप्रिय फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

इस बार इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में फिल्ममेकर करण जौहर के सफर को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत फेस्टिवल में उनकी फिल्में दिखाई जाएंगी। दर्शकों को उनकी भव्य फिल्मों को देखने के अलावा उनसे बातचीत करने का भी मौका मिलेगा।हाल ही में करण ने फिल्मी दुनिया में अपने 25 साल पूरे किए हैं। इतने सालों में करण की फिल्मों को ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से भी भरपूर प्यार मिला हैइस सम्मान से खुद करण भी काफी उत्साहित हैं।

कुछ समय पहले आईएफएफएम ने नामांकन की घोषणा की थी।इस बार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए भेड़िया,पठान,डार्लिंग्स,मोनिका ओ माई डार्लिंग जैसी हिंदी फिल्मों को नामांकन मिला हैसर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की रेस में ऐश्वर्या राय बच्चन, आलिया भट्ट , भूमि पेडनेकर , काजोल, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता, रानी मुखर्जी, साई पल्लवी, सान्या मल्होत्रा और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए दुलकर सलमान, कपिल शर्मा, मनोज बाजपेयी, मोहित अग्रवाल, परेश रावल, राजकुमार राव, ऋषभ शेट्टी, शाहरुख खान, विजय वर्मा और विक्रम शामिल हैं।


# पाबंदी लगाना एक गलत नीति है

अजीत द्विवेदी

मणिपुर में इंटरनेट पर पाबंदी है। तभी सवाल है क्या इससे मणिपुर में हिंसा नियंत्रित करने या शांति बहाल करने में कोई मदद मिली है? सरकार ने ट्विटर, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मणिपुर की महिलाओं का वीडियो डिलीट करने को कहा। तो क्या उससे वीडियो वर्चुअल स्पेस से हट गए हैं या उलटे उनका ज्यादा व्यापक प्रसार हुआ है और ये वीडियो हर व्यक्ति के स्मार्टफोन में पहुंच गए? बिहार में सरकार ने शराब पर पाबंदी लगा दी। तो क्या बिहार में शराब की बिक्री और सेवन बंद हो गया? गैर बासमती चावल के निर्यात पर केंद्र सरकार ने पाबंदी लगा दी है। तो क्या इससे घरेलू बाजार में चावल की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी और उसकी कीमत नियंत्रण में रहेगी? ध्यान रहे पिछले साल गर्मियों में भारत सरकार ने गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी फिर भी गेहूं की कीमत बढ़ने की दर दहाई में रही। इस तरह की पाबंदियों की सूची लंबी हो सकती है। कहीं प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी जाती है तो कहीं किसी स्टैंड अप कॉमेडियन के शो पर पाबंदी लगा दी जाती है। हालांकि अविवाहित महिलाओं को 'खाली प्लॉट' और विवाहित महिलाओं को 'रजिस्टर्ड प्लॉट' बताने की बेहूदगियां पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ चलती रहती हैं। उन पर पाबंदी लगाने के बारे में सोचा भी नहीं जाता है।

बहरहाल, पाबंदी लगाने का कोई भी फैसला कामयाब नहीं होता है। यह बहुत गलत नीति है क्योंकि इससे सिर्फ नुकसान होता है। मणिपुर इसकी मिसाल है। मणिपुर में तीन मई को मैती और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई थी और उसी दिन इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई। ब्रॉडबैंड की सेवा बंद कर दी गई। इसका नतीजा यह हुआ कि पहले दो दिन तक हिंसा को लेकर कोई खबर नहीं आई। दो दिन के बाद जो पहली खबर मिली वह 54 लोगों के मारे जाने की थी। हिंसा शुरू होने के 77 दिन बाद दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और यौन हिंसा करने का एक वीडियो सामने आया। यह वीडियो चार मई का ही है। इंटरनेट पर पाबंदी के बावजूद यह वीडियो सामने आया और उसके बाद मणिपुर से लेकर मिजोरम तक तनाव बना हुआ है। अगर इंटरनेट पर पाबंदी नहीं होती तो हो सकता है कि यह वीडियो पहले सामने आ जाता और तब भी ऐसी ही प्रतिक्रिया होती, जैसी अभी हुई है। लेकिन इंटरनेट बंद होने का खामियाजा यह हुआ कि लोग इस घटना की या ऐसी किसी दूसरी घटना की पुष्टि नहीं कर पा रहे थे और इस बीच अफवाहें फैलाने वालों को मौका मिल रहा था। कुकी और मैती समुदाय के बीच ज्यादातर हिंसा अफवाहों की वजह से हुई है।

इसलिए कहीं भी इंटरनेट बंद करने की बजाय इंटरनेट के जरिए फर्जी खबर और वीडियो फैलाए जाने को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। पाबंदी समाधान नहीं है। अगर सरकार बेहतर ढंग से नियमन करे और फेक न्यूज फैलने से रोके तो इंटरनेट पर पाबंदी की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन भारत में इसका उलटा होता है। बात बात पर इंटरनेट बंद कर दिया जाता है। पिछले साल यानी 2०22 में इंटरनेट बंद करने की 84 घटनाएं हुई हैं, जिनमें से 49 अकेले जम्मू कश्मीर में हुईं। सोचें, जहां अनुच्छेद 37० हटाए जाने के बाद पूरी शांति बहाल हो जाने का दावा किया जा रहा है वहां एक साल में 49 बार इंटरनेट बंद करने की जरूरत पड़ी। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक 2०16 से 2०22 के बीच दुनिया भर में आधिकारिक रूप से जितनी बार इंटरनेट बंद किया गया उनमें 58 फीसदी अकेले भारत में हुआ।




सोचें, लोकतंत्र की जननी भारत के बारे में!

इसी तरह शराब पर पाबंदी का मामला है। बिहार में कई किस्म के आंकड़ों से शराबबंदी की सफलता बताई जाती है। इसमें एक आंकड़ा यह है कि महिलाओं के प्रति और घरेलू हिंसा में कमी आई है। लेकिन एक दूसरा आंकड़ा यह है कि अप्रैल 2०16 में शराबबंदी लागू होने के बाद से लेकर दिसंबर 2०22 तक यानी साढ़े छह साल में बिहार में जहरीली शराब से एक हजार लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है क्योंकि शराब से होने वाली मौतों को स्थानीय प्रशासन किसी बीमारी से हुई मौत बता कर आंकड़े छिपा देता है। फिर भी एक हजार लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार शराबबंदी है। शराबबंदी के सख्त नियम की वजह से लाखों लोग जेल में बंद हैं। अब नियमों में ढील दी जा रही है लेकिन अब तक काफी देर हो चुकी है। लोगों की मौतों के अलावा समूचे बिहार में एक सामानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है– शराब की तस्करी की अर्थव्यवस्था!

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, नेपाल, झारखंड जिसे जहां से मौका मिल रहा है वहां से गाड़ी में भर कर शराब बिहार पहुंचा रहा है। बिहार के छोटे छोटे बच्चे शराब की तस्करी में शामिल हैं। शराब के इस धंधे से जो अर्थव्यवस्था बनी है उसकी वजह से जमीन का कारोबार फल-फूल रहा है और जमीन के कारोबार में बिहार में जितनी हत्याएं हो रही हैं, उतनी देश के किसी दूसरे हिस्से में शायद ही हो रही होगी। एक पूरा दुष्चक्र बना है, जिसमें बिहार की पीढ़ियां बरबाद हो रही हैं। वहां भी पाबंदी की बजाय नियमन पर ध्यान दिया गया होता तो सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होता, तस्करी और काले धन की सामानांतर अर्थव्यवस्था नहीं बनती और न इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत होती।

अभी भारत सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। इस फैसले को उपभोक्ताओं के हित में बताया जाएगा लेकिन यह किसान विरोधी भी हो सकता है। दूसरे इस बात की कोई गारंटी नहीं होती है कि उपभोक्ता को इसका फायदा मिलेगा ही। गेहूं के निर्यात पर पाबंदी के असर में इसको देखा जा सकता है। पिछले साल मई में सरकार ने गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी। अप्रैल में रूस और यूक्रेन का युद्ध छिड़ने के बाद तात्कालिक प्रतिक्रिया में यह फैसला हुआ था। इसके बावजूद गेहूं की महंगाई दर दहाई में रही। गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी का असर पूरी दुनिया पर होगा क्योंकि भारत सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश है। अफ्रीकी देशों पर सबसे ज्यादा असर होगा लेकिन भारत सरकार का फैसला आते ही खबर आई कि अमेरिका, ब्रिटेन से लेकर दुनिया के सारे देशों में रहने वाले भारतीय प्रवासी खास कर चावल का ज्यादा उपभोग करने वाले राज्यों के प्रवासी दुकानों के आगे लाइन लगा कर खड़े थे ताकि चावल का स्टोर कर सकें। सरकार का यह फैसला एक झटके में पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला को प्रभावित करेगा।

ऐसा लग रहा है कि भारत की केंद्र सरकार और उसके पीछे पीछे राज्यों की सरकारों ने भी पाबंदी को एक नीतिगत हथियार बना लिया है। दिल्ली में पहलवान जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन वहां पाबंदी लगा दी गई और उनको हटा दिया गया। बिहार में शिक्षक प्रदर्शन कर रहे थे तो उन पर लाठियां चलवा दी गईं। कोई भी घटना होती है तो सबसे पहले प्रदर्शन पर पाबंदी लगती है। फिर इंटरनेट बंद किया जाता है। कई जगह मेट्रो के स्टेशन बंद कर दिए जाते हैं। लोगों की असहमति के प्रगटीकरण को रोकने के सारे उपाय किए जाते हैं। राजनीतिक मामला हो, आर्थिक मामला हो या कानून-व्यवस्था का मामला हो, सरकारों को सबसे आसान पाबंदी की नीति लगती है। लेकिन यह एक गलत नीति है। सूचना तकनीक की क्रांति और दुनिया के वैश्विक गांव बनने की परिघटना के बीच पाबंदी किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि कई बार यह समस्या को बढ़ाने का कारण बन सकता है।

## सू- दोकू क्र.001

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.100का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सोना चमकाने के नाम पर ठगी करने वाला गैंगलीडर गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

पौड़ी। सोना चमकाने के नाम पर पहाड़ की महिलाओं से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के सरगना जो लम्बे समय से फरार व पांच हजार का ईनामी था, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के अन्य साथी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में थाना सतपुली क्षेत्र व वर्ष 2022 में थाना रिखणीखाल क्षेत्र के अन्तर्गत एक संगठित गिरोह द्वारा पहाड़ के गांव की भोली-भाली महिलाओं से जेवरात को चमकाकर उनसे धोखाधड़ी की जा रही थी। जिसमें पीड़िता ऋतु नेगी, निवासी दुधारखाल द्वारा थाना सतपुली पर व हीरा सिंह निवासी रिखणीखाल द्वारा थाना रिखणीखाल पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें से तीन आरोपियों खंतार मण्डल, चन्दन व वीरेन्द्र शाह को पुलिस पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि मुख्य गैंगलीडर पवन सोनी लगातार फरार चल रहा था। जिसके ऊपर पुलिस द्वारा पांच हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था।

मुख्य गैंगलीडर की तलाश कर रही पुलिस टीम द्वारा बीती रात एक सूचना के आधार पर पवन सोनी (गैंग लीडर) को मोहल्ला माल गोदाम,नवादा बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# खाता अपडेट कराने के नाम पर ठगे 25 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। खाता अपडेट कराने के नाम पर 25 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश रोड डोईवाला निवासी गुरदीप सिंह ग्रेवाल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 23 जुलाई 2023 को उसके मोबाइल नम्बर पर एक संदेश आया कि प्रिय ग्राहक आपका एसबीआई खाता बन्द हो रहा है कृपया बैंक में पहुंचकर पेन कार्ड से अपडेट करा ले जिस पर उसके द्वारा उक्त मैसेज को पढा व मैसेज पढने के बाद खाता आपडेट करने हेतु उक्त लिंक पर क्लिक किया, जिससे उसके मोबाईल पर एक संदेश आया जिसके उत्तर मे उसके द्वारा ओटीपी भेजा गया। ओटीपी भेजने के बाद उसको कॉल आयी तथा उसको बताया कि उसके एसबीआई खाते से 25000 रूपये किसी को ट्रांन्सफर किये है, जो कि उसके खाते से कट गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा गरीब व पिछडे वर्गो का शोषण कर रही हैः यादव

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कै. अजय यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी गरीब एवं पिछडे वर्गों का सबसे अधिक शोषण कर रही है। जाति एवं धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है।

आज यहां उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की एक बैठक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कै. अजय यादव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री करन माहरा की उपस्थिति मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर हरदीप सिंह चहल, राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी मुज्तबा मलिक, ऋषि चौधरी भी उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी देते हुए ओबीसी विभाग के महानगर अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि बैठक में उत्तराखण्ड प्रदेश में ओबीसी विभाग के संगठनात्मक ढांचे पर विस्तार से चर्चा हुई तथा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए बैठक में उपस्थित ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कै. अजय यादव ने कहा कि जिस प्रकार आज भारतीय जनता पार्टी विभिन्न समुदायों, जातियों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है हमें उसका जवाब जनता के बीच पहुंचकर देना है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मो, जातियों व समुदायों को एक दृष्टि से देखती है तथा सबके विकास के लिए काम करती है। आज भारतीय जनता पार्टी गरीब एवं पिछडे वर्गों का सबसे अधिक शोषण कर रही है। जाति एवं धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है। कै. यादव ने ओबीसी विभाग के सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में विधानसभा व ब्लाक तथा बूथ स्तर पर पार्टी संगठन का शीघ्र गठन किया जाय ताकि उसका लाभ लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिल सके। बैठक में ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी, महानगर अध्यक्ष मनीष वर्मा, रणवीर नागर, विजेन्द्र नौटियाल, राजीव प्रजापति, रूडकी अध्यक्ष कमरजीत खोखर, हरिद्वार जिलाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव, बागेश्वर जिलाध्यक्ष ललित गोस्वामी, परवादून जिलाध्यक्ष तेजपाल सैनी आदि ने प्रतिभाग किया।

## जमीनी फर्जीवाड़ा कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। फर्जी पावर एटॉर्नी से जमीन की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने जनपद मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 6 जुलाई को प्रियंका त्यागी निवासी जनकपुरी नई दिल्ली द्वारा थाना क्लेमनटाउन में तहरीर देकर बताया गया था कि मेरे स्वर्गीय पिता विजय वीर सिंह निवासी टर्नर रोड देहरादून की भूमि जो टर्नर रोड पर स्थित है उसे बेचने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा मेरे पिताजी की फर्जी पावर एटॉर्नी के माध्यम से उनके नाम की जमीन को विक्रय कर दी गयी है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। विवेचना में पाया गया कि आरोपी जितेंद्र कुमार पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम कासमपुरा थाना व पोस्ट भोपा जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा एक फर्जी विजय वीर नाम के व्यक्ति से अपने नाम पावर ऑफ अटॉर्नी कर अतीक अहमद के नाम फर्जी विक्रय अनुबंध पत्र तैयार किया गया था। जिस पर पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को बीती रात मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सीएम धामी भी नहीं पहुंच सके गौरीकुंड... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

किया जा सका है। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने के कारण इन्हें ढूंढ पाना मुश्किल हो रहा है हालांकि मंदाकिनी को 3 सेक्टरों में बांटकर ड्रोण के जरिए भी लापता लोगों को तलाशा जा रहा है। उफनती नदी और खराब मौसम के कारण बचाव राहत में भी मुश्किलें आ रही है।

## अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को लेकर.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

प्रयास किए जाते हैं। अंकिता भंडारी के कमरे पर बुलडोजर क्यों चलाया गया। घटना के तुरंत बाद रिजार्ट को सील क्यों नहीं किया गया? तथा घटना के बाद रिजार्ट के एक हिस्से में आग किसने लगाई जैसे मुद्दे इस मौन प्रदर्शन के जरिए कांग्रेसी नेताओं ने उठाए हैं।

धरने पर बैठने से पूर्व करन माहरा ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय इसलिए नहीं मिल पा रहा है क्योंकि सबूतों को मिटा दिया गया है। न्याय तो सबूतों के आधार पर ही मिलता है और हम बार-बार उन्हीं सबूतों का सवाल उठा रहे हैं जिन्हें शासन प्रशासन में बैठे लोगों द्वारा मिटा दिया गया है या मिटाने का प्रयास किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 19-20 सितंबर 2022 की इस घटना के तीन आरोपी अभी भी जेल में है जिसमें भाजपा नेता के बेटे और रिजार्ट के मालिक का बेटा पुलकित आर्य व उसके दो रिजार्ट कर्मी सौरभ व अंकित शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर अंकिता की बॉडी तो उस समय बरामद हो गई थी लेकिन उसे न्याय कब मिलेगा यह सवाल आज भी सवाल ही बना हुआ है। उधर अंकिता के परिजनों का कहना है कि आरोपियों के रसूखदार होने के कारण उन्हें उम्मीद नहीं है कि वह अपनी बेटी को कभी न्याय दिला पाएंगे।

# दयारा बुग्याल बटर फेस्टिवल 17 अगस्त को

संवाददाता



देहरादून। दयारा पर्यटन उत्सव समिति रैथल के अध्यक्ष मनोज राणा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अगस्त को दयारा बुग्याल में आयोजित होने वाले बटर फेस्टिवल में मक्खन मटठा की होली के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रतिभाग करेंगे।

आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए राणा ने बताया कि 17 अगस्त को दयारा बुग्याल में आयोजित होने वाले बटर फेस्टिवल में मक्खन मटठा की होली के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति देंगे साथ ही ग्रामीण भी पारंपरिक रूप से होने वाले नृत्यों, रासौ का आयोजन करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे दयारा में दूध मक्खन मटठा की होली का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि दयारा बुग्याल में 17 अगस्त को आयोजित होने वाले बटर फेस्टिवल में शामिल होकर इस अनूठे व अनोखे उत्सव का गवाह बनने दयारा बुग्याल के नजारों का लुत्फ उठाने और रैथल से दयारा बुग्याल तक के सात किमी खुबसूरत ट्रैक पर ट्रैकिंग करने के ईच्छुक लोगों को 15 अगस्त को रैथल गांव पहुंचना होगा।

रैंथल गांव में 20 से अधिक होमस्टे और कुछ होटल भी है, वहां रात्रि विश्राम कर इस ऐतिहासिक गांव की खूबसूरती का अहसास लेने के साथ ही गांव में जानने का मौका मिलेगा। 16 अगस्त को रैथल से दयारा बुग्याल के लिए ट्रैकिंग शुरू कर दयारा बुयाल, गोई बुग्याल, चिलपडा बुग्याल में रात्रि विश्राम कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को सुबह दयारा बुग्याल भ्रमण के साथ ही बटर फेस्टिवल के अनूठे उत्सव का हिस्स बनने के बाद पर्यटक वापिस रैथल लौकर अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो सकते हैं।

प्रेसवार्ता में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, रैथल गांव के प्रधान प्रतिनिध महेन्द्र राणा, नटीण ग्राम प्रधान महेन्द्र पोखरियाल आदि मौजूद थे।

## पार्सल का झांसा देकर ठगे पौने चार लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। पार्सल का झांसा देकर पौने चार लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाडीगार्ड राजपुर रोड निवासी अजीत सिंह ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 3 अगस्त 2023 को उसके फोन पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से कॉल आयी जिसने कहा कि आपका एफडी का पार्सल है एड्रेस कन्फर्म करवा दो उसने अपना पता भेजा उसके बाद उसने कहा कि आपके फोन पर एक मैसेज आया है। उसे वह उसे फारवर्ड कर दे उसने वह मैसेज उस नम्बर पर फारवर्ड कर दिया जिसके लगभग 20 मिनट बाद उसके बंधन बैंक के खाते से कुल 3,82,000 रूपये निकल गये उसके साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधडी की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एमडीडीए में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के नाम पर गंवाये 64 हजार

संवाददाता

देहरादून। एमडीडीए में ऑनलाईन शिकायत दर्ज कराने के नाम पर 64 हजार रूपये गंवाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनपुर कैनाल रोड निवासीं रामकिशोर शर्मा ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके द्वारा 29 जुलाई 2023 को एम.डी.डी.ए. के टोल फ्री नम्बर पर एक शिकायत हेतु फोन किया गया किंतु किसी ने फोन नहीं उठाया उसके कुछ समय बाद उसके पास एक फोन कॉल आया उन्होंने अपना नाम अभिषेक मेहता बताया और उसको इस बात के लिए आश्वस्त किया कि वह एम.डी. डी. ए. में कार्यरत है और उसकी शिकायत दर्ज करने हेतु उसको दो रूपये का भुगतान करना होगा जो वह ऑनलाईन या तो क्रेडिट कॉर्ड या पेटीएम से कर सकते हैं। तत्पश्चात् उसके द्वारा क्रेडिट कॉर्ड से पैमेंट करने की कोशिश की गई तब उन्होंने कहा कि इससे पैमेंट नहीं हो रही है वह अपने कॉर्ड की फोटो उसको भेज दीजिए। उसका क्रेडिट कॉड इन्डोसेंड बैंक का है तत्पश्चात् उन्होंने कहा कि उसका क्रेडिट नहीं चल रहा है उसके पास कोई दूसरा कॉर्ड है उसने कहा कि उसके पास एस.बी.आई का डेबिट कॉर्ड है तथा उन्होंने कहा कि वह उसको पेटीएम का बार कोर्ड भेजते हैं वह उसकी फोटो खींचकर उनको भेज दीजिए। उसके एस.बी.आई के डेबिट कॉर्ड से 64 हजार रूपये निकल गये।

उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई ओटीपी शेयर नहीं किया गया किंतु उसको शक है कि उस व्यक्ति द्वारा उसका फोन हेक कर लिया गया जिससे वह इस पूरी प्रक्रिया को आसानी से अंजाम दे पाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 12 पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता




देहरादून। पुलिस ने 12 पेटी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नशीले पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश के द्वारा नेतृत्व करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशों के साथ थाना एवं चौकी क्षेत्र मे पुलिस टीमें गठित कर कोतवाली ऋषिकेश की सीमाओं पर व शहर में मुख्यत: स्थानों को चिन्हित कर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित टीम के द्वारा गत दिवस मिली सूचना पर बस अड्डा ऋषिकेश के पास एक वैगनआर कार को रोककर चेक किया गया तो कार के अंदर से कुल 12 पेटी अंग्रेजी शराब भिन्न-भिन्न ब्रांड की बरामद हुई। कार सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम उत्कृष्ट भंडारी पुत्र सूरत सिंह भंडारी निवासी ग्राम बसाल पट्टी बामुंड पोस्ट नागनी थाना चंबा टिहरी गढ़वाल, अरविंद गुनसोला पुत्र साहब सिंह गुनसोला निवासी मयूडा पोस्ट रजाखेत पट्टी धारमंडल थाना नई टिहरी टिहरी गढ़वाल बताया। पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया है।

## एक नजर


# नूंह में 45 से अधिक अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

नई दिल्ली। हरियाणा के नूंह में जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान में नूंह जिले के नलहर रोड इलाके में 45 से अधिक ष्अवैधष दुकानों को ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन की प्रवर्तन शाखा की एक टीम स्थानीय एसडीएम और नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में नलहर रोड पर एसएचकेएम सरकारी मेडिकल कॉलेज के पास बाजार क्षेत्र में पहुंची थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान इलाके में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। नूंह के एसडीएम अश्वनी कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई सीएम मनोहर लाल खट्टर के निर्देश पर की गई है। इससे पहले गुरुवार रात को लगभग 150 प्रवासी परिवारों की अवैध झुग्गियां भी प्रशासन ने ढहा दी थीं। अधिकारियों ने दावा किया कि इसके कुछ निवासी 31 जुलाई की सांप्रदायिक झड़पों में दंगों में शामिल पाए गए थे। नूंह में शनिवार को कर्फ्यू में भी 3 घंटे की ढील दी गई। बता दें कि नूंह में सांप्रदायिक हिंसा भड़कने और दक्षिण हरियाणा के अन्य हिस्सों में फैलने के चार दिन बाद हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को जिले के पुलिस प्रमुख और मुख्य प्रशासक दोनों को स्थानांतरित कर दिया। अब 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी नरेंद्र बिजारणिया को वरुण सिंगला की जगह नूंह एसपी और धीरेंद्र खडगटा को प्रशांत पंवार की जगह डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है। आईपीएस अधिकारी बिजारणिया और खड़गता ने संयोग से पहले नूंह में एसपी और डीसी के रूप में एक साथ काम किया है।



# गुलमर्ग में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

जम्मू । गुलमर्ग में भूकंप के भारी झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई है। भूकंप के ये झटके शनिवार सुबह करीब 8 बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप का केंद्र गुलमर्ग से करीब 184 किलोमीटर दूर और धरती की सतह से 129 किलोमीटर नीचे था। हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर अभी सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि साल 2023 में जून से लेकर अभी तक जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग तीव्रता के 12 भूकंप आ चुके हैं। इससे पहले पिछले महीने ही 10 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के डोडा में 4.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। वहीं, डोडा में ही 13 जून को भी भूंकप आया था और उसकी तीव्रता 5.4 मापी गई थी। 13 जून के भूकंप में दर्जनों इमारतों और घरों में दरारें देखने को मिलीं थी।



# आत्महत्या की जगह काश उन्होंने मदद मांगी होतीः आमिर खान

मुंबई। सुपरस्टार आमिर खान ने दिवंगत आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि काश कि नितिन ने खुदकुशी करने की बजाय मदद मांगी होती। नितिन चंद्रकांत देसाई का अंतिम संस्कार शुक्रवार को करजत स्थित एनडी स्टूडियो में किया गया। इस मौके पर आमिर खान, डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर, संजय लीला भंसाली, मधुर भंडारकर, एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी और एक्टर मनोज जोशी समेत चुनिंदा सेलेब्स उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के बाद आमिर खान ने मीडिया से बात की और देसाई के दुखद निधन पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। आमिर खान ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह बहुत ही चौंकाने वाली खबर है। मैं यह समझने में सक्षम नहीं हूं कि यह कैसे हो गया? मुझे विश्वास नहीं होता। काश कि उन्होंने यह कदम ना उठाया होता और मदद के लिए गुहार लगाई होती। लेकिन हम इस ट्रैजिक सिचुएशन में क्या कह सकते हैं। समझना मुश्किल है कि क्या हो गया? यह बहुत दुखद है। हमने एक बहुत ही टैलेंटेड शख्शियत को खो दिया। आमिर खान ने इस दौरान नितिन देसाई के अंतिम संस्कार से बॉलीवुड स्टार्स के गायब रहने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि किन्हीं कारणों से अंतिम संस्कार में शामिल ना हो पाए हों, लेकिन नितिन सभी के दिलों में खास जगह रखते थे। बता दें कि नितिन चंद्रकांत देसाई ने आमिर खान स्टारर 'लगान' में बतौर प्रोडक्शन डिजाइनर काम किया था।



# हिन्दू जागरण मंच ने फूंका एमडीडीए सचिव का पुतला



संवाददाता

देहरादून। अवैध मदरसा सील ना करने पर गुस्साये हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एमडीडीए सचिव का पुतला फूंका।


आज यहां हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में लैसडाउन चौक पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया का पुतला फूंका। उनका आरोप था कि एमडीडीए में पिछले 13 वर्षो से अवैध रूप से चल रही मस्जिद/ मदरसे को सील करने के लिए जिलाधिकारी ने आदेश दिये लेकिन एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया द्वारा रविवार `दिन अविधिक मस्जिद/मदरसा चला रहे लोगों से सांठ गांठ कर फर्जी तरीके से शपथ पत्र प्राप्त कर एक सप्ताह का समय दे दिया।

उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से सरकार की जन भावनाओं एवं आदेशों के विरूद्ध अनेक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी अनैतिक कार्य में लगे लोगों को संरक्षण देने का कार्य कर रहे हैं जिससे सरकार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस प्रकार के अधिकारी उत्तराखण्ड की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डालते हुए धनोपार्जन में लगे हैं जांच का विषय यह है कि एमडीडीए सचिव जैसे भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण कौन दे रहा है।

उपरोक्त प्रकरण पर हिन्दू जागरण मंच यह मांग करता है कि एमडीडीए सचिव द्वारा किये गये उक्त कृत्य पर एमडीडीए सचिव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाए और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी उक्त प्रकरण में अपना पक्ष सात अगस्त तक स्पष्ट करें यदि उक्त तिथि तक उनकी मांग नहीं मानी जाती तो आठ अगस्त को कैबिनेट मंत्री व एमडीडीए सचिव का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया जायेगा।

# राजधानी के एडीएम प्रशासन हटाये गये


उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग-1
संख्या 181 /xxx-1-2023
देहरादून : दिनांक 04 अगस्त, 2023

स्थानान्तरण/तैनाती

तत्काल प्रभाव से श्री शिव कुमार बरनवाल, पी0सी0एस0, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देहरादून को वर्तमान पदभार से अवमुक्त करते हुए राजस्व परिषद, देहरादून में सम्बद्ध किया जाता है।

2- श्री शिव कुमार बरनवाल, पी0सी0एस0 को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पदभार से अवमुक्त होते हुए, उसकी सूचना कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग-1, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(शैलेश बगौली)
सचिव

संख्या 181 /xxx-1-2023, तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
4. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. आयुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
6. जिलाधिकारी, देहरादून।
7. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
8. महानिदेशक, सूचना/एन0आई0सी0 को सूचनार्थ प्रेषित।
9. सम्बन्धित अधिकारीगण/सम्बन्धित कोषाधिकारी।
10. अनुभाग अधिकारी, इरला चैक अनुभाग-5, उत्तराखण्ड शासन।
11. सम्बन्धित अधिकारी की व्यक्तिगत पत्रावली।
12. गार्ड फाईल।

(शैलेश बगौली)
सचिव

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून के एडीएम प्रशासन शिव कुमार बरनवाल को हटा दिया गया है सचिव कार्मिक शैलेश बगौली ने आदेश जारी करते हुए बरनवाल को राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है।

आज शनिवार के दिन हुआ यह आदेश दिन भर चर्चाओं में रहा है। सूत्रों की माने तो उनके कामकाज से शासन संतुष्ट नही था। जिस पर उन्हे आज एकाएक हटा दिया गया है और उन्हे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देहरादून को वर्तमान पदभार से अवमुक्त करते हुए राजस्व परिषद, देहरादून में सम्बद्ध किया गया है।

# बाल श्रम कराने पर दो के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। बाल श्रम कराने के मामले में पुलिस ने दो प्रतिष्ठानों के मालिकों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम प्रर्वतन अधिकारी अश्वनी कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने राजा रोड पर हार्डवेयर व इलेक्ट्रनिक्स की दुकान पर छापा मारा तो वहां पर बच्चों से काम कराया जा रहा था।

# गर्म पानी फेंकने से झुलसी विवाहिता, हिरासत में सास

हमारे संवाददाता

नैनीताल। गुस्साई सास द्वारा गर्म पानी फेंकने से विवाहिता बुरी तरह झुलस गयी। मौके पर पहुंची स्थानीय महिलाओं ने हंगामा कर पुलिस को सूचना दी तथा घायल विवाहिता की सास पर बहू को जलाने का आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस ने सास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

घटनाक्रम जनपद नैनीताल के लालकुंआ क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 अंबेडकरनगर में एकत्रित दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता पूजा की सास चंपा देवी ने अपनी बहू पूजा के पेट में गर्म पानी फेंक कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। बताया कि पीड़िता का पति रोजाना शाम को नशे में धुत होकर घर आता है और पत्नी पूजा को डंडे से बुरी तरह पीटता है। पीड़िता पूजा के अनुसार उसकी सास उसे अक्सर



बेवजह मारती पीटती रहती है, तथा पति भी उसका उत्पीड़न करता है। पीड़िता के अनुसार उसका मायका बिहार प्रदेश के गया में है तथा पति और सास के व्यवहार से वह अत्यंत आहत है। पीड़िता ने कोतवाली लालकुआं में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा का कहना है कि मामले में उपनिरीक्षक वंदना चौहान ने पीड़िता की सास को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, जल्द ही पीड़िता की मदद करते हुए मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# महिला पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। महिला का पीछा कर उसपर अभद्र टिप्पणी करने वाले वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छिददरवाला निवासी महिला ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाला अक्षय गुरंग आये दिन उसका पीछा करते हुए उस पर अभद्र टिप्पणी करता है उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसने उसकी दीवार पर लगा पीवीसी पैनल तोड दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*